समाचार

महापौर ने किया विभिन्न वार्डो का मैराथन दौरा

(जानी वार्डो की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश)

कोरबा 10 फरवरी 2021 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज निगम के वार्ड क्. 22, 24, 28 एवं 06 का दौरा किया। उन्होने वार्ड व बस्तियों में पैदल भ्रमण करते हुए वहां के निवासियों से मुलाकात की, उनकी समस्याओं को जाना तथा समस्याओं के त्वरित निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश जोन अधिकारियों को दिए।

अपनी चिरपरिचित कार्यशैली के अनुरूप महापौर श्री प्रसाद ने आज वार्ड क्. 22 शिवाजीनगर, वार्ड क्. 24 महाराणाप्रताप नगर, वार्ड क्. 28 राजेन्द्र प्रसाद नगर का पार्षदों, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ भ्रमण किया। इस दौरान उन्होने वार्ड क्. 24 महाराणा प्रताप नगर स्थित अटल आवास की नालियों की जर्जर स्थिति को देखते हुए उनमें आवश्यक सुधार व मरम्मत कार्य करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार एल.आई.जी.आवासगृहों के पास निर्मित नालियां मिट्टी भरने से जाम हो जाने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पाती, इन नालियों में भी आवश्यक सुधार कार्य करने के निर्देश उन्होने अधिकारियों को दिए। वार्ड क्. 22 स्थित कटहल गार्डन में लोगों द्वारा घरों से निकला हुआ कचरा फेंक दिया जा रहा है, उन्होने गार्डन में कचरा फेंकने पर रोकने को कहा, साथ ही कटहल गार्डन को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। महापौर श्री प्रसाद ने वार्ड क्. 28 राजेन्द्र प्रसाद नगर स्थित नवनिर्मित उद्यान का निरीक्षण किया तथा शेष बचे कार्यो को त्वरित रूप से पूरा करने, आवश्यक सुधार कार्य करने व रोशनी हेतु बिजली व्यवस्था

कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। अपने भ्रमण के दौरान महापौर श्री प्रसाद ने वार्ड क्र. 06 इतवारी बाजार में पौनी पसारी योजनांतर्गत बनने वाले चबूतरों के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा कार्यो में आवश्यक गति लाने, गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होने पौनी पसारी बाजार के ऊपर लगाए गए शेड से गिरने वाले बरसाती पानी की निकासी की उचित व्यवस्था हो तथा यह पानी आसपास के घरों के लिए असुविधा उत्पन्न न करें, इस संबंध में भी आवश्यक कार्यवाही करने व नाली आदि का निर्माण किए जाने को कहा। भ्रमण के दौरान महापौर श्री प्रसाद ने निगम की खाली पड़ी जमीनों पर अतिक्रमण न हों, वहां पर किसी के द्वारा अवैध रूप से निर्माण न कराया जाए, इस पर सतत नजर रखने एवं अतिक्रमण रोकने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

भ्रमण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य प्रदीपराय जायसवाल, सुखसागर निर्मलकर, पार्षद धरम निर्मले व अनुज जायसवाल, एल्डरमेन बच्चूलाल मखवानी, आरिफ खान व संगीता सक्सेना, पूर्व पार्षद अर्चना उपाध्याय, निगम के कार्यपालन अभियंता एम.के.वर्मा, आर.के.चौबे, शाहीद खान, नीलकमल राठौर, अंबिका सिंह, रविशंकर सिंह, बनवारी पाहुजा, सुनील ठाकुर, बाबा खान आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।